Ranchi ● Thursday, 15 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 208 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
HAPPY INDEPENDENCE DAY
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

SHARE

सेंसेक्स	:	72,240.26
निफ्टी	:	21,731.40

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	94.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द फोटोन न्यूज कार्यालय में अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 17 अगस्त को बाजार में आएगा। देश-दुनिया व आपके शहर की खबरों से अपडेट रहने के लिए जुड़े रहें www.thephotonnews.com पर...

शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द फोटोन न्यूज परिवार की ओर से सभी पाठकों, शुभेच्छुओं, विज्ञापनदाताओं व हॉकर बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

BRIEF NEWS

गुमला में सर्पदंश से दो सगे भाइयों की गई जान

GUMLA : बुधवार को जिले के रायडीह प्रखंड के नकटीझरिया गांव में बुधराम नगेसिया के सात वर्षीय पुत्र विकास नगेसिया और पांच साल के दीपक नगेसिया की जान सर्पदंश से चली गई। घटना के बाद परिजनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने में काफी समय लग गया और रास्ते में ही दोनों सगे भाइयों ने दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04% पर आई

NEW DELHI : जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 प्रतिशत पर आ गई है। जून में ये बढ़कर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जो महंगाई का 16 महीनों का ऊपरी स्तर था। वहीं, मई में थोक महंगाई 2.61 प्रतिशत पर थी। 14 अगस्त को जुलाई महीने के थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए गए। इससे पहले 12 अगस्त को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे।

कोर्ट ने थाईलैंड के पीएम को पद से हटाया

NEW DELHI : बुधवार को थाईलैंड की एक अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। अदालत के आदेश ने थाई राजनीति में हलचल मचा दी है। संवैधानिक न्यायालय ने श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया।

हृदय को उत्साह से भर देता है लहराते तिरंगे को देखना : राष्ट्रपति

78वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र को 20 मिनट किया संबोधित

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, सभी देशवासी 78वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस-पास हो, हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। राष्ट्रपति ने 20 मिनट तक राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा, भारत दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थ-व्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार है। उन्होंने इसका श्रेय किसानों और श्रमिकों को दिया। उन्होंने कहा, यह सफलता किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निमाताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है।

किसानों और महिलाओं की सराहना

राष्ट्रपति ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे अन्नदाता किसानों ने उम्मीदों से बेहतर कृषि उत्पादन सुनिश्चित किया है। ऐसा कर उन्होंने भारत को कृषि-क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और हमारे देशवासियों को भोजन उपलब्ध कराने में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, महिलाओं को केंद्र में रखते हुए सरकार द्वारा अनेक विशेष योजनाएं भी लागू की गई हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण सुनिश्चित करना है।

4 करोड़ 10 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

राष्ट्रपति ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, रोजगार और कौशल के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं के माध्यम से पांच वर्षों में चार करोड़ दस लाख युवाओं को लाभ मिलेगा। सरकार की एक नई पहल से पांच वर्षों में एक करोड़ युवा अग्रणी कंपनियों में इंटर्नशिप करेंगे। ये सभी कदम, विकसित भारत के निर्माण में आधारभूत योगदान देंगे। राष्ट्रपति ने तीन नए कानूनों पर कहा, इस वर्ष जुलाई से भारतीय न्याय संहिता को लागू करने में हमने औपनिवेशिक युग के एक और अवशेष को हटा दिया है।

80 करोड़ लोगों को दिया जा रहा मुफ्त अनाज

राष्ट्रपति ने कहा कि इस साल हमारे देश में आम चुनाव हुए। 90 करोड़ लोगों ने वोट डाला। मैं उन चुनावकर्मियों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मतदान के लिए भारी गर्मी में काम किया। भारत 8 प्रतिशत विकास दर से आगे बढ़ने वाला देश है। पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। ये इस बात को बताता है कि हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि गरीबी से निकले लोग फिर से गरीबी में न जाएं।

इंफ्रास्ट्रक्चर का संतोषजनक विकास

द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हाल के वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को काफी बढ़ावा मिला है। सरकार ने सेमी कंडक्टर जैसी चीजों को बढ़ावा देने के लिए कई काम किए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। तेज गति से हो रही प्रगति के चलते भारत का कद ऊंचा हुआ है। जी-20 के सफल आयोजन के बाद ग्लोबल साउथ की अवधारणा और मुखर हुई है। हमें बीआर अंबेडकर की ये बात याद रखनी चाहिए कि हमें राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना चाहिए।

गंभीर रूप से घायल दीपक ने हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस

आतंकियों के साथ मुठभेड़ कैप्टन शहीद, आतंकी ढेर

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हुई इस वारदात में एक नागरिक भी घायल

- सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर शुरू किया तलाशी अभियान
- घने जंगल वाले इलाके में इंडियन आर्मी के साथ अचानक हुआ एनकाउंटर
- जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 30 दिनों में यह दूसरा हमला

AGENCY SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को जारी एक अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक आतंकवादी भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हुई इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

मुठभेड़ स्थल से मिले चार बैग

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से चार बैग मिले हैं, जिनमें खून लगा है। इससे यह समझा जा रहा था कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही वहां से एम-4 कार्बाइन भी बरामद की गई हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने अपराह्न करीब दो बजे संवाददाताओं को बताया कि इलाके में अभियान अब भी जारी है।

सर्वोच्च बलिदान को सलाम

सेना ने अधिकारी की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि सेना शोक संतप्त परिवार के साथ है। सेना ने कहा कि व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक बहादुर कैप्टन दीपक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के बाद आतंकवादी उधमपुर जिले के पटनीटॉप के पास के जंगल से डोडा में घुस आए। उधमपुर में मंगलवार शाम करीब छह बजे सुरक्षाबलों को आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला था। आधे घंटे बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई।

26 जून को मारे गए थे तीन आतंकी

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बुधवार को सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह करीब 7.30 बजे पुनः आतंकवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों ने रविवार को भी दो मुठभेड़ों में आतंकवादियों को ढेर कर दिया। एक किश्तवाड़ के नौनट्टा के सुदूर वन क्षेत्रों में और दूसरा उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में। इन मुठभेड़ों के बाद आतंकवादी डोडा की पहाड़ियों में भाग गए। डोडा जिले के गंडोह इलाके में 26 जून को हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए थे। इन आतंकवादियों के पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने का संदेह है।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड का बकाया भुगतान करने का दिया आदेश

RANCHI : सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार का 2005 से खनिज रॉयल्टी के मद में बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है। इस बकाया राशि के लिए झारखंड सरकार ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खनिज रॉयल्टी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे ऐतिहासिक फैसला बताया न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सोरेन ने इस फैसले को अपने और झारखंड के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जीत बताया। सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रुबड़ी जीत! माननीय सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद। सुप्रीम कोर्ट के आज के ऐतिहासिक फैसले से हमारी मांग सफल हुई है। अब झारखंड को केंद्र से उसका बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ मिल जाएगा। हर झारखंडी के इस बकाया/अधिकार को लेकर अबुआ सरकार लगातार आवाज बुलंद कर रही थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लगातार बकाया राशि और हर झारखंडी के अधिकारों की वकालत करती रही है। सोरेन ने आगे कहा, रहमें अब 2005 से खनिज रॉयल्टी का बकाया मिलेगा।

बिना किसी भय व संकोच के हम तक अपनी समस्याएं पहुंचाएं आम लोग : गवर्नर

PHOTON NEWS DUMKA : बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर दुमका सदर प्रखंड के आसनसोल पंचायत भवन में मौजूद लोगों से बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना के दो लाभुकों के बीच पहले माह की राशि का चेक सहित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण के बाद सीधा संवाद किया। राज्यपाल ने कहा कि वे अपनी किसी भी समस्या को बिना किसी भय व संकोच के कहें। इसके लिए आप सभी को बार-बार आने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप पत्र के जरिए अपनी बातों को कह सकते हैं, जिसका न सिर्फ समुचित हल किया जाएगा, बल्कि इसकी जानकारी भी आप तक पहुंचाई जाएगी। गवर्नर ने कहा कि आपके इसी काम के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे आपके बीच भेजा है।

- मुख्यमंत्री मंईयां योजना के दो समेत अन्य योजनाओं के लाभुकों में राज्यपाल ने चेक व परिसंपत्तियों का किया वितरण

आपके खाते में पहुंच रहे पूरे पैसे

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पूर्व के एक प्रधानमंत्री कहते थे कि वह केंद्र से आमजन के लिए एक रुपये भेजते हैं, लेकिन उन तक 15 पैसा ही पहुंचता है। लेकिन, अब समय बदल चुका है। अब 100 में 99 भी नहीं पूरे 100 आपके खाते में पहुंच रहा है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस में नया खुलासा, डॉक्टर से गैंगरेप का किया गया दावा

AGENCY KOLKATA: बुधवार को कोलकाता के ट्रेनी डॉक्टर रेप और मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। ऑल इंडिया गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के एडिशनल सेक्रेटरी डॉ. सुवर्ण गोस्वामी ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के हवाले से कहा कि ये रेप नहीं, गैंगरेप हो सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट से 151 एमजी सीमन मिला है। इतनी ज्यादा मात्रा किसी एक शख्स की नहीं हो सकती है। इस बात की पूरी संभावना है कि रेप केस में एक से ज्यादा लोग शामिल हो सकते हैं। उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घटना के 5 दिन बाद बयान दिया है। उन्होंने कहा- पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों को बचाने की कोशिश हो रही है। ये चीज अस्पताल और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

- इतने दिन बाद बोले राहुल- आरोपियों को बचाने की हो रही कोशिश
- अर्धनग्न अवस्था में मिली थी ट्रेनी डॉक्टर की डेड बॉडी
- फोरडा बोला- मरीजों के हित में हड़ताल खत्म करने का लिया फैसला

आज लाल किले से 11वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

NEW DELHI : गुरुवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौका पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से लगातार 11वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। ध्वजारोहण के समय भारतीय वायु सेना के दो एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों से ध्रुव लाइन एस्टर्न फॉर्मेशन में पुष्प वर्षा की जाएगी। हेलीकॉप्टर के कैप्टन विंग कमांडर अंबर अग्रवाल और विंग कमांडर राहुल नैनवाल होंगे। समारोह को देखने के लिए लगभग 6 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। लाल किले पर पहुंचने पर पीएम का स्वागत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने करेंगे। रक्षा सचिव दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार का प्रधानमंत्री से परिचय कराएंगे। इसके बाद दिल्ली क्षेत्र के जीओसी नरेंद्र मोदी को सलामी मंच पर ले जाएंगे, जहां संयुक्त अंतरसेवा और दिल्ली पुलिस गार्ड प्रधानमंत्री को सामान्य सलामी देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
15 AUGUST
INSTITUTE FOR EDUCATION
(A unit of Educational and Social Development Trust)
Recognized by NCTE (ERC), Bhubaneshwar and affiliated to Kolhan University, Chaibasa and Jharkhand Academic Council (JAC), Ranchi
Courses we offer
• B.Ed. • D.El.Ed.
• BBA • BCA
AICTE APPROVED
Academic Partner JSOU SSU
Jamshedpur City Office : Room No.-5, Vishwakarma Sanskritik Bhawan 577, Kumarpara, Near Discovery Diagnostic, New Baradwari, Sakchi, Jsr-01
College Address : Village- Bijay, P.O. : Sini, District : Seraikella-Kharsawan, Jharkhand - 833220
Corporate Office (2nd Campus) : BSNL Exchange, 2nd & 3rd Floor, Garamnala, Opposite Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur, Jharkhand
7545870227, 9031053700, 9031053701, 9031053702 9031053700, 9031053701

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

अरविंद कुमार सिंह

प्रांत सह विशेष संपर्क प्रमुख
विश्व हिंदू परिषद

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

आशुतोष सिंह

महासचिव
जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति

लातेहार डीसी के नाम पर साइबर ठगी का प्रयास

LATEHAR : किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उपायुक्त लातेहार की फोटो लगा कर फर्जी वाट्सएप एकाउंट बना कर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी से आग्रह किया है कि आप इस ठगी के झांसे में नहीं आएं, ठगी का शिकार होने से बचें। आमजनों से अपील है कि किसी नए या अनजान नंबर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किए जाने पर विशेष सावधानी बरतें। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का प्रयास किए जाने पर अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना में दें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

एसडीपीओ
कार्यालय परिवार

घाटशिला
पूर्वी सिंहभूम, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

मां वैष्णवी

एनएच 18 फुलडुंगरी
घाटशिला

श्री शिबू सोरेन
केन्द्रीय अध्यक्ष, झा.मु.मो.

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार

श्रीमती कल्पना सोरेन
विधायक, गांडेय (झा.मु.मो.)

स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर समस्त
झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रामदास सोरेन
विधायक, घाटशिला सह सभापति
पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार

तीन राज्यों में 15 घटनाओं को अंजाम देने वाले साला-बहनोई गिरफ्तार

DHANBAD : महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में साइबर अपराध से जुड़े 15 घटनाओं को अंजाम देने वाले साला-बहनोई को धनबाद जिला की साइबर और बरवाअड्डा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साला मंतोष रविदास और बहनोई रोहित रविदास को बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इन दोनो के पास से 6 स्मार्टफोन और नौ सिम कार्ड भी जब्त किया गया है। इन दोनों की गिरफ्तारी के संबंध में साइबर पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस के प्रतिबिंब एप पर पांच मोबाइल नंबर का लोकेशन धनबाद के बरवाअड्डा इलाके में जयनगर दास बाती में मिला था। इसी के आधार पर छापेमारी की गई और दोनों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों पर तीन राज्यों के अलग-अलग थानों में 15 मामले दर्ज हैं। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे पिछले एक वर्ष से साइबर अपराध कर रहे हैं। इनके द्वारा बताया गया कि ये बैंक अधिकारी बनकर विभिन्न राज्यों के लोगों को फोन कर उन्हें केवाईसी अपडेट करने एवं इंटरनेट बैंकिंग चार्ज के नाम पर उनसे ओटीपी प्राप्त कर उनके खाते से अवैध निकासी कर लेते थे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

VIKASH
MINERALS

VILLAGE BHATBIGHA
POST- P.S.-CHAUPARANDIST
HAZARIBAGH

श्री संतोष गंगवार
महामहिम राज्यपाल, झारखंड

श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, नगर विकास एवं आवास विभाग,
पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य निबंधन विभाग
झारखंड सरकार

अनन्य मित्तल
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी (आई.ए.एस.)
पूर्वी सिंहभूम

राम कुमार मद्धेशिया
जिला अवर निबंधक (झा. नि. से.)
जमशेदपुर, झारखंड

BRIEF NEWS

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से दिल्ली में की मुलाकात

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली स्थित उप-राष्ट्रपति निवास में मुलाकात की।

जूनियर डॉक्टर्स की दूसरे दिन भी स्ट्राइक जारी

RANCHI : कोलकाता के आरजीकेएमसीएच की जूनियर महिला डॉक्टर का रेप के बाद बेरहमी से हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टर का बुधवार को भी पेन डाउन स्ट्राइक जारी है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए), रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के साथ रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) ने मंगलवार को बैठक की, जिसमें दूसरे दिन भी पेन डाउन आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है। जूनियर डॉक्टर के स्ट्राइक से मंगलवार को ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाएं प्रभावित रही।

एसपी के निर्देश पर चलाया गया एंटी क्राइम अभियान

RANCHI : रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार देर रात ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दशमफॉल, राहे, मांडर, चान्हो, सोनाहातू, लापुंग, दलादली, इटकी, मुरी, महिला थाना बुंडू, नगड़ी, रातु, तमाड़, ओरमांझी, बुढ़मू और सिल्ली थाना के द्वारा चेकिंग किया गया।

विनय बने एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष

RANCHI : विनय उरांव एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस पर अपनी सहमति दे दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार रात इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की। झारखंड-बिहार सहित नौ राज्यों के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हुई है।

छात्रा के साथ दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

RANCHI : पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को आठवीं क्लास की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार हरमू निवासी संदीप कुमार पोद्दार को 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नहीं भरने पर उसे अतिरिक्त छह माह की सजा काटनी होगी। घटना को लेकर पीड़िता के भाई ने अरगोड़ा थाना में 14 फरवरी 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता पटेल चौक स्थित दुकान में दोपहर 12.30 बजे लंच पहुंचाने गई थी।

सुरक्षा में आठ डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित 1000 जवान किए जाएंगे तैनात

स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी में ड्रोन कैमरा से की जाएगी निगरानी

PHOTON NEWS RANCHI : स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजधानी रांची में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मोरहाबादी में आयोजित की जाएगी। सुरक्षा के लिए पूरे समारोह स्थल पर छह ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। समारोह में कई वीवीआइपी की उपस्थिति होगी। इसे देखते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने आठ डीएसपी, 24 से अधिक इंस्पेक्टर सहित 1000 जवानों की तैनाती समारोह स्थल पर की है। 1000 जवानों में रेपिड एक्सन पुलिस, इको, जैप, जैप महिला बटालियन, आइआइआरबी, ब्रज वाहन, वाटर कैनन, टीयर गैस, फायर ब्रिगेड आदि की तैनाती की गयी है। सुरक्षा को देखते हुए दो दिन पहले से ही देर रात पूरे जिला में होटलों की तलाशी की जा रही है। इसके अलावा वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। सभी थाना क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतने का आदेश थाना प्रभारियों को दिया गया है। सभी थाना प्रभारी अतिसंवेदनशील क्षेत्र में विशेष चौकसी बरत रहे हैं और वहां विशेष रूप से सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में करेंगे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में होनेवाले राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री के ध्वजारोहण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है इस अवसर पर मुख्यमंत्री परेड की सलामी लेंगे। मैदान के आसपास पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मैदान में वाटरप्रुफ पंडाल का निर्माण भी किया गया है। झंडोत्तोलन और परेड की सलामी लेने के बाद मुख्यमंत्री आम लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के मंत्री अपने-अपने जिला मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे। मंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला और डॉ. रामेश्वर उरांव लोहरदगा, सत्यानंद भोक्ता चतरा, बैजनाथ राम लातेहार, दीपक बिरूआ चाईबासा, बन्ना गुप्ता जमशेदपुर, इरफान अंसारी जामताड़ा, बेबी देवी बोकारो, दीपिका पांडेय सिंह गोड्डा, हफीजुल हसन देवघर और मिथिलेश ठाकुर गढ़वा में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव, बड़े वाहनों की नो एंट्री

PHOTON NEWS RANCHI : स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसको लेकर शहर में 15 अगस्त की सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी गयी है। रिंग रोड की ओर से रांची आनेवाले वाहन बोड़ेया तक, चाईबासा-खूंटी से रांची आनेवाले वाहन बिरसा चौक तक, पलामू-लोहरदगा से रांची आने वाले वाहन तिलता चौक, गुमला सिमडेगा से रांची आनेवाले वाहन आइटीआइ बस स्टैंड तक, जमशेदपुर से रांची आने वाले वाहन दुर्गा सोरेन चौक नामकुम तक, कांके और पतरातू से रांची आने वाले वाहन चांदनी चौक तथा विकास की ओर से रांची एवं बरियातू आने वाले वाहन बूटी मोड़ तक ही आ पायेंगे। मोरहाबादी मैदान की ओर कार्यक्रम समाप्त होने तक आम वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके लिए 15 स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाये गये है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियम का हर संभव पालन करें।

पार्किंग व्यवस्था

- मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक एवं न्यायाधीश के लिए पार्किंग मुख्य मंच के पीछे बनायी गयी है।
- राज्य व केंद्र सरकार के पदाधिकारी ऑक्सीजन पार्क के सामने बनी पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।
- मीडियाकर्मी बापू वाटिका के सामने बने पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क करेंगे।

महिला सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने उठाया कदम

डायल-112 के क्यूआर कोड से करें शिकायत

डायल-112 का क्यूआर कोड जारी करते पुलिस पदाधिकारी । ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : पुलिस ने महिला सुरक्षा के मद्देनजर और एटीएम संबंधी अपराध की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई के लिए डायल-112 का क्यूआर कोड बनाया है।

डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संयुक्त रूप से क्यूआर कोड का विमोचन किया। डीआईजी ने बताया कि इस क्यूआर कोड जिला के सभी ऑटो, ई-रिक्शा और नगर निगम के सभी बसों पर चिपकाया जायेगा। इसे महिला आसानी से स्कैन कर डायल-112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसी प्रकार एटीएम संबंधी धोखाधड़ी या साईबर अपराध की सूचना और शिकायत के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है। इसे शहर के सभी एटीएम में चिपकाया जायेगा। इससे सभी लोग आसानी से आवश्यकता पड़ने पर स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इस प्रकार इन क्यूआर कोड की की व्यवस्था के माध्यम से डायल-112 को और अधिक प्रभावी बनाया गया है ताकि लोग आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज कर सके एवं उनको त्वरित सहायता मिल सके।

होटल में पुलिस का छापा सेक्स रैकेट का खुलासा

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के होटल होटल मौर्या में पुलिस ने छापेमारी कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। रांची पुलिस ने पांच लड़कियों और दो युवकों सहित सात को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी की गई है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बुधवार को बताया कि देह व्यापार की सूचना पर होटल मौर्या में छापेमारी की गई, जिसमें आपत्तिजनक हालत में पांच लड़कियां और दो लड़के पकड़े गए है। सभी से पूछताछ की जा रही है।

डीएसपीएमयू में संस्कृत सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक

RANCHI : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू), रांची झारखंड संस्कृत अकादमी और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में 16 अगस्त से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उद्घाटन एवं सम्पूर्त्ति सत्र के अतिरिक्त शोभायात्रा, श्लोकपाठ प्रतियोगिता, संस्कृत भाषण प्रतियोगिता, संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता, एकल एवं सामूहिक नृत्य-गीत प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्पूर्त्ति सत्र के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय और किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। झारखंड संस्कृत अकादमी का गठन संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृतानुरागियों द्वारा किया गया है।

सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

RANCHI : आगामी 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा, झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी डॉ। प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। इस तिरंगा यात्रा में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, महिलौंग और राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, आरा के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में पूरे सप्ताह देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संथाल को बांग्लास्तान बनाने की रची जा रही साजिश : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के बड़े हिस्से संथाल बहुल इलाके को बांग्लास्तान बनाने की साजिश चल रही है। बाबूलाल ने खुफिया एजेंसियों का हवाला देकर एक्स पर बुधवार को पोस्ट में लिखा कि झारखंड के बड़े हिस्से (संताल बहुल इलाके), बिहार का किशनगंज, पश्चिम बंगाल, अधिकांश उत्तर पूर्वी राज्य, नेपाल और म्यांमार के कुछ हिस्से को मिलाकर बांग्लास्तान नामक देश बनाने की साजिश चल रही है। पांच अगस्त को शेख हसीना

सरकार की तख्तापलट के बाद कट्टरपंथी गजवातुल-हिंद (गैर मुसलमानों के खिलाफ युद्ध) और इस्लामिक बांग्लादेश के मकसद को पूरा करने की जुगत में लगे हैं। बांग्लादेश में उत्पन्न हालात और कट्टरपंथियों का खतरनाक मंसूबा पूरे देश के साथ-साथ झारखंड के लिए भी अत्यंत संवेदनशील है। झारखंड में जिस प्रकार अचानक से बांग्लादेशी मुसलमानों की आबादी बढ़ी है, उससे ऐसा लगता है कि कांग्रेस और झामुमो भी कट्टरपंथियों के मकसद को पूरा करने में लगे हैं। राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश और समाज का विभाजन करने वाली कांग्रेस-झामुमो जैसी पार्टियां सत्ता के लिए हमेशा विदेशी ताकतों के साथ ही खड़ी नजर आयी हैं।

विश्वनाथ को बनाया गया चीफ जस्टिस का ओएसडी

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने जिला जज रैंक के 9 न्यायिक पदाधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की है। इसकी नॉटिफिकेशन जारी कर दी है। ट्रांसफर पोस्टिंग का नॉटिफिकेशन जारी होने के बाद इन्हें अविलंब नए पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। सूची के मुताबिक, हाईकोर्ट के वर्तमान रजिस्ट्रार मोहम्मद शाकिर का चाईबासा कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के पद पर तबादला किया गया है। विश्वनाथ शुक्ल को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का ओएसडी नियुक्त किया गया है। साथ ही फहीम किरमानी को बोकारो के तेनुघाट और बेरमो कोर्ट में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है।

पुस्तक के लोकार्पण में सांसद महुआ माजी ने की शिरकत

'अंबेडकरः एक जीवन' पुस्तक के लोकार्पण में मौजूद डॉ.शशि थरूर, महुआ माजी।

PHOTON NEWS RANCHI : लोकप्रिय सांसद एवं लेखक डॉ.शशि थरूर (साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित) की पुस्तक 'अंबेडकरः एक जीवन' के लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं हिंदी की वरिष्ठ लेखिका डॉ.महुआ माजी शामिल हुईं। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक डॉ. शशि थरूर, अनुवादक अमरेश द्विवेदी, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर श्यौराज सिंह बेचैन, दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर अदिति पासवान और जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रोफेसर अरविंद कुमार मौजूद रहे। वाणी प्रकाशन ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रकाशक अरुण माहेश्वरी, अदिति माहेश्वरी, प्रख्यात लेखिका मृदुला गर्ग सहित हिंदी के महत्वपूर्ण लेखक, प्रोफेसर, विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी, साहित्य प्रेमी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

सरकार से वार्ता के बाद होटल अशोक के कर्मचारियों ने आत्मदाह का टाला फैसला

RANCHI : 15 अगस्त की दोपहर 2 बजे होटल रांची अशोक के कर्मचारियों के आत्मदाह के फैसले के बाद प्रदेश सरकार की तरफ से एक समझौता वार्ता की गई। जिसमें सरकार के प्रतिनिधि की तरफ से कर्मचारियों से दो महीने का समय मांगा गया। पर्यटन निदेशक ने भारत पर्यटन विकास निगम के प्रतिनिधि से कहा कि कर्मचारियों को हर माह वेतन देने की व्यवस्था करें और इनके समस्त बकाये वेतन का तुरंत भुगतान करवाएं। इसपर होटल के वरिष्ठ कर्मचारी पंकज कुमार ने कहा कि हम आपकी बात मानने के लिए तैयार हैं, लेकिन दो महीना होने के बाद हमलोग आपको सूचित भी नहीं करेंगे और घर में ही आत्मदाह कर लेंगे। बैठक में पर्यटन निदेशक, सीटी एस पी, एस डी एम, जिला पर्यटन पदाधिकारी, भारत पर्यटन विकास निगम के प्रतिनिधि अविनाश गजरानी मौजूद रहे।

एसपी दीपक सहित 19 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए दिया जाएगा मेडल

PHOTON NEWS RANCHI : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसपी दीपक पांडेय सहित झारखंड के 19 पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा। सात पुलिस कर्मियों को वीरता के लिए और 11 पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जायेगा। वहीं पहली बार झारखंड फायर सर्विस के कर्मियों को वीरता पदक दिया जायेगा। इसके अलावा झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को वीरता पदक मिलेगा।

इन्हें मिलेगा वीरता पदक

एसपी दीपक पांडेय
सब इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह
एएसआई सच्चिदानंद सिंह
हवलदार उमेश सिंह
सिपाही सुभाष दास
सिपाही रविंद्र टोप्पो
सिपाही गोपाल गंझु

इन्हें मिलेगा सराहनीय सेवा पदक

सिपाही रविंद्र कुमार सिंह
सिपाही विमल कुमार छेत्री
हवलदार सलोमी मिंज
हवलदार संजय उरांव
सिपाही हेमा रानी
सिपाही रेखा कुमारी
सिपाही संजीव गुप्ता
हवलदार ऋतुराज
हवलदार राजेंद्र राम
हवलदार अरुण उरांव
हवलदार संजय कुमार

पहली बार सम्मानित होंगे फायरमैन प्यारे लाल तंबवार

पहली बार झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारे लाल तंबवार को स्वतंत्रता दिवस पर वीरता पदक से सम्मानित किया जायेगा। उन्हें यह सम्मान कोलतार भंडारण सहित कई जगहों पर लगी आग बुझाकर लोगों की जान बचाने के लिए मिलेगा। प्यारे लाल तंबवार साल 1990 में फायरमैन ड्राइवर के रूप में नियुक्त हुए थे। वे तब से पूरी ईमानदारी और मेहनत से अपने कर्तव्य का पालन करते रहे हैं। अग्निशमन सेवा में नियुक्त होने के बाद तंबवार जमशेदपुर, डाल्टनगंज, सिंदरी डोरंडा, गुमला, मानगो (जमशेदपुर) और साहेबगंज में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने सैकड़ों आग बुझाने की घटनाओं में भाग लिया और लोगों की जान बचायी। साहेबगंज जिले के हाजीपुर गांव में 16 मई, 2023 को एक सड़क निर्माण स्थल पर भीषण आग लग गयी थी।

सब्जी कारोबारी लूटकांड में दो अपराधी गिरफ्तार

RANCHI : सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी स्थित रोड नंबर एक के समीप स्कूटी सवार दो अपराधियों ने चाकू के बल पर एक सब्जी व्यवसायी के कर्मचारी से 42 हजार लूट लिया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल बड़ाईक और बॉबी लोहरा नाम के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से पुलिस ने 8500 नकद भी बरामद किया है। पीड़ित संजय चौरसिया से 42 हजार की लूट हुई थी। लेकिन पीड़ित ने अपने मालिक को बताया कि 2।42 लाख की लूट हुई है। उसके बाद पुलिस को भी बताया कि करीब ढाई लाख की लूट हुई है। पुलिस को इस बात की जानकारी मिली है कि संजय ने अपने मालिक और पुलिस को दो लाख ज्यादा की लूट दिखाकर पैसे हड़पने की फिराक में था।



अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल के फाइनल में लहराया परचम

रांची लौटीं बेटियों का जोरदार स्वागत

PHOTON NEWS RANCHI : 63वीं अंतराष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल के फाइनल प्रतियोगिता में बांग्लादेश को 4-1 से पराजित कर चैंपियन बच्चियां आज फ्लाइट से दोपहर एक बजे रांची पहुंची। बच्चियों के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के रांची स्थित मुख्यालय में भव्य सम्मान सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया। चैंपियंस बच्चियों को पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चियों के स्वागत के लिए मौजूद राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री आदित्य रंजन और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग ने बच्चियों को इस जीत के लिए बधाई और भविष्य

के लिए शुभकामनायें दी। चैंपियन बच्चियों ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह से मुलाकात की और खेलो के प्रोत्साहन और प्रशिक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विभाग का आभार प्रकट किया। बच्चियों ने भविष्य में और भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में झारखंड और देश का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा जाहिर की और इसके लिए लगातार प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया। मुलाकात के दौरान स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने बच्चियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उमाशंकर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में खेल और खिलाड़ियों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है और लगातार स्कूली स्तर पर खेलो के प्रोत्साहन के लिए कार्य किया जा रहा है। विद्यालयों में स्पोर्ट्स क्लब भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से खेलकूद संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रतियोगिता की चैंपियन बच्चियां आज दोपहर एक बजे फ्लाइट से रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट से बस में बच्चियां जेईपीसी आयी, जहां उन्हें सम्मानित किया गया। शुरू से ही झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। टीम ने अपने सभी मैचों में प्रतिद्वंदी टीम को बड़े अंतर से पराजित किया। अपने पहले मुकाबले में झारखंड की टीम ने दिल्ली को 7-0, दूसरे मुकाबले में गुजरात को 3-0, तीसरे मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश को 13-0, क्वार्टर फाइनल में त्रिपुरा को 2-0, सेमीफइनल में हरियाणा को 4-2 और फाइनल में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर परचम लहरा दिया है।

स्वतंत्रता दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

कल्पना झा

डायरेक्टर
अराध्या एचआर. कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड
सुभाष नगर हाउसिंग काम्प्लेक्स,
हुगली, पश्चिमी बंगाल
Mail ID- aradhayaconsultants@gmail.com
Mob-9088604844

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं

अनुमंडल कार्यालय परिवार
घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

विनय कुमार
इंस्पेक्टर व ऑफिसर इंचार्ज, तिलैया थाना

कल से चलेगी टाटानगर-जयनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस

JAMSHEDPUR : टाटानगर-जयनगर-टाटानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस 16 अगस्त से चलेगी। इसकी घोषणा रेलवे ने कर दी है। रेलवे के द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक ट्रेन नंबर-18119/18120 टाटानगर - जयनगर-टाटानगर एक्सप्रेस सप्ताह में अप-डाउन एक फेरा लगाएगी। टाटानगर से ट्रेन नंबर 18119 टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस हर शुक्रवार को शाम 6 बजे खुलेगी, जो शनिवार दोपहर 11.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर-18120 जयनगर-टाटानगर एक्सप्रेस हर शनिवार को जयनगर से शाम 7.30 बजे खुलेगी और रविवार दोपहर 11.30 बजे टाटानगर पहुंचेगी। **यहां रहेगा स्टॉपेज :** चांडिल, मुरी, कोटशिला, राजाबेरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी, मधुबनी, जयनगर।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

अमित खलखो
कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग
चक्रधरपुर प्रमंडल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

एक शुभचिंतक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

एक शुभचिंतक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

शशि शेखर मिंज
प्रोपराइटर
शिखर इंडियन गैस
चक्रधरपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सुर रंजन राय
पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा, जमशेदपुर महानगर

एल.बी.एस.एम. कॉलेज, जमशेदपुर
योग्य शिक्षक एवं निपुण शिक्षकेत्तर कर्मचारी
इंटरमीडिएट सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की
व्यवस्था के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित।
एल.बी.एस.एम. कॉलेज परिवार की ओर से
स्वतंत्रता दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. अशोक कुमार झा
प्राचार्य, एलबीएसएम कॉलेज,
करनडीह, जमशेदपुर, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

पीयूष कानोडिया
भाजपा नेता
नॉर्थ 24 परगना, वेस्ट बंगाल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

पूरबी घोष
समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस
पर आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गीता कोड़ा
पूर्व सांसद, सिंहभूम, झारखण्ड

निवेदक : गीता कोड़ा पूर्व सांसद, सिंहभूम लोकसभा, झारखण्ड

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ फूंका कट्टरपंथियों का पुतला

GHATSILA : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हिंदू धर्मावलंबियों ने बुधवार को बांग्लादेशी कट्टरपंथियों का पुतला फूंका। मऊभंडार मुख्य चौक पर रामनवमी केंद्रीय अखाड़ा समिति के अध्यक्ष रुपेश दूबे के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारत सरकार से मांग करते हैं कि बांग्लादेश समेत पूरी दुनिया में जहां भी हिंदू है उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रदर्शन करने वालों में पूर्वी मऊभंडार के पंसस विजय पांडेय, प्रदीप सिंह तोमर, प्रमोद सिंह, मंतोष मंडल, सिद्धार्थ प्रसाद, जयंत उपाध्याय, मुनीब शर्मा, चेतन सिन्हा, प्रकाश क्षेत्री, दिल बहादुर सोनार, नवल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजीव सिंह तोमर, राकेश दुबे, रमेश जायसवाल, मानिक मोहंती, हिमालय बागती, रिंकू सिंह, राजेश शर्मा, श्रवण कुमार, कौशिक कुमार, हरप्रीत सिंह, साहिल आनंद, कुलदीप सिंह, मंटू प्रजापति, सिपेश शर्मा, आशीष सिंह, राजेश शर्मा, विमल सिंह, अमलान रॉय, गोविंदा बेहरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

www.mbnsinstitutes.com

MBNS GROUP OF INSTITUTIONS
(Run & Managed by Sri Acharya Gurukul Educational Trust)

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-2025

B.B.A. with VALUE ADDED PROGRAM
3 Year. AICTE APPROVED FULL TIME PROGRAM

B.A. In English, Hindi, History, Sociology, Political Sc., Eco
B.A. In Mass Communication
D.El.Ed. 60 SEAT
B.Sc. NURSING 60 SEAT
B.Com. with VALUE ADDED PROGRAM
B.Ed. 100 SEAT
D.Pharma 60 SEAT
GNM 60 SEAT

EASY LOAN FACILITY AVAILABLE

UNIQUE FEATURES :
- LEARNING THROUGH PRACTICAL
- FACULTY WITH INDUSTRY EXPERIENCE
- SPECIAL SKILL TRAINING
- INTERNSHIP
- PERSONALITY DEVELOPMENT
- B.S.E & N.S.E., G.S.T., INCOME TAX CLASSES
- LIBRARY WITH HUGE NUMBER OF BOOKS & JOURNALS

100% PLACEMENT ASSISTANCE

Affiliation and Recognition
& HIGHER AND TECHNICAL EDUCATION RANCHI, JHARKHAND

BEST FOUNDATION FOR YOUR BETTER CAREER
GROOMING STUDENTS WITH VALUES

NH-18(OLD NH-33), Asanbani, Near Kali Mandir, Jamshedpur, P.O- Kanderbera, P.S- Chandil, Dist.- Seraikela-Kharswan Pin- 832401
9939953180 / 6204889469

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. विजय कुमार पीयूष
प्राचार्य, एबीएम कॉलेज, जमशेदपुर, झारखंड

18-19 अगस्त को महादेवशाल में 2 मिनट के लिए रुकेंगी 4 ट्रेनें

JAMSHEDPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने सावन महीने में महादेवशाल शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही को लेकर 18 और 19 अगस्त को 4 ट्रेनों को 2 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया है। ये चारों ट्रेन अप-डाउन दोनों ओर से 2 मिनट महादेवशाल स्टेशन पर रूकेगी। इसमें हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस, टाटानगर-एनार्कुलम टाटानगर एक्सप्रेस, पुरी-योगनगरी ऋषिकेश- पुरी एक्सप्रेस और शालीमार-एलटीटी मुंबई-शालीमार एक्सप्रेस शामिल है।

देशभक्ति गीत संगीत व नृत्य पर झूमा पिल्लई हॉल

CHAIBASA : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन ने पिल्लई हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें देशभक्ति गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति पर जिलेवासी खूब झूमे। इसमें चाईबासा स्थित अनेक कॉलेज और विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और गीत नाट्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजा-अजजा, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, जिला परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी और गणमान्य उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. अंशुमन शर्मा
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
अनुमंडल अस्पताल
चक्रधरपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

गिरजा नंद किस्कू
अंचल अधिकारी
चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम
झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
M/s Riya Enterprises

Franchise of
Royal Health
India Private
Limited

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

गीता मुर्मू
भाजपा जिला मंत्री सह
गालूडीह मंडल प्रभारी
घाटशिला विधानसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश महेश्वरी
समाज सेवी
चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

नर्गिस खातून
सचिव
सृजन महिला विकास मंच
चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

गोल्डी सिंह
समाजसेवी
चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम

MADHUSUDAN
Nurturing Young Talents...
RESIDENTIAL | CO-EDUCATION | ENGLISH MEDIUM
MADHUSUDAN, A Trusted Name in the Field of Quality Education.
MSM CBSE MPS CBSE
30 Years of Glorious Journey
MADHUSUDAN wishes all the Parents, Teachers, Students & Well Wishers a
HAPPY INDEPENDENCE DAY
S. S. MAHTO
CHAIRMAN
MSM
MPS
Up to 10+2
Providing HOSTEL FACILITY in the Region for the past 30 years
AERIAL VIEW OF MADHUSUDAN CAMPUS
www.msmckp.com | www.mpsckp.com
Asantalia, Chakradharpur, W. Singhbhum, Jharkhand
9955475737 | 9934534059

श्री श्री राधा गोविंद मंदिर समिति
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

आदिकांत षाड़ंगी
श्री श्री राधा गोविंद मंदिर समिति के प्रमुख
समाजसेवी सह अधिवक्ता
चक्रधरपुर

मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज
लाउड़िया चक्रधरपुर
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड वासियों को शुभकामनाएं

प्रिया देवी
सचिव

श्याम लाल महतो
निदेशक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. अमर सिंह
प्राचार्य, जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज
जमशेदपुर, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

मनोहरपुर आरपीएफ ने तीन किशोरियों को कराया मुक्त

MANOHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिला में सपने दिखाकर बाल तस्करी जारी है। इसका ताजा उदाहरण बुधवार को दिखा। गुप्त सूचना के आधार पर तीन नाबालिग को दिल्ली ले जाने के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल ने दलाल से मुक्त कराया। मुख्य आरोपी दलाल को विरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सोनुआ थाना क्षेत्र के दानियल चांपिया नामक दलाल द्वारा तीन नाबालिग के परिजनों को ऊंचे सपने और अधिक पैसा कमाने का लालच देकर गोईलकेरा से उत्कल एक्सप्रेस से दिल्ली ले जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर बुधवार की सुबह रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने ट्रेन से मनोहरपुर स्टेशन पर बरामद किया। सभी बालिकाओं के पुनर्वास के लिए बाल संरक्षण विभाग के जगरनाथ पोद्दार द्वारा चाईबासा ले जाया जा रहा है। इस मामले पर प्रोटेक्शन ऑफिसर डॉ. कृष्णा कुमार तिवारी ने बताया कि सभी किशोरियों को सुरक्षित कर बाल कल्याण समिति, चाईबासा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त किशोरियों को जिला प्रशासन बाल देखरेख संस्थान में रखकर उनका परामर्श एवं व्यक्तिगत देखरेख योजना तैयार की जाएगी, जिससे इन किशोरियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम स्पॉन्सरशिप से जोड़कर प्रतिमाह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

With Best Compliments from :
JAMSHEDPUR WORKERS' COLLEGE

'B' Accredited by NAAC
We Offer B.A. B.Sc., B.Com, BBA, BCA & MBA
P.G. in History, Geography, Commerce, Political Science & Urdu
for more details visit our website :- jwcmango.ac.in,
E-mail-ID ;- jwc.mango1.com, jwcmango@yahoo.co.in
Help Desk No. - 0657-2364077/87, 947094382

Dr. S.P. Mahalik
Principal
Jsr. Workers' College

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल, कालिकानगर मानगो

मो. ताहिर हुसैन
डायरेक्टर

आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
समस्त चक्रधरपुर विधानसभावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



प्रोफेसर डॉ0 विजय सिंह गागराई
(सचिव)
पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

श्री शिबू सोरेन
केन्द्रीय अध्यक्ष, झा.मु.मो.

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार

श्रीमती कल्पना सोरेन
विधायक, गांडेय (झा.मु.मो.)

सुखराम उरांव
विधायक सह जिला अध्यक्ष
झा.मु.मो. पश्चिमी सिंहभूम

'जोहार'
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

श्रीमती नवमी उराँव
सचिव,
लट्टू उराँव कल्याण समिति

श्री सन्नी उराँव
अध्यक्ष,
दिशोम गुरू आशीर्वाद योजना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
समस्त झारखंड वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

एक शुभचिंतक

हिंडनबर्ग की भारत को आर्थिक रूप से कमजोर करने की चाल

